Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 07-03-2006

Participants : Pathak Shri Brajesh

an>

Title : Need to provide funds to solve the acute drinking water problem in rural areas of Unnao Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य में विशेाकर उन्नाव जनपद के ग्रामीण अंचलों में पीने के पानी का भारी अभाव है। यहां पर लोग स्वच्छ पानी के अभाव में संदूाित पानी को पीने के लिए मजबूर हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे तरह तरह की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। उन्नाव जनपद एक बहुत ही पिछडा हुआ क्षेत्र है। हालांकि प्रशासन की ओर से इण्डिया मार्का हैंडपंप उन्नाव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगाने का प्रावधान किया गया है लेकिन क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत को देखते हुए इनकी संख्या बिल्कुल नगण्य है तथा क्षेत्र में जो इण्डिया मार्का हैंडपंप लगाए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता भी निम्न स्तर की है तथा इसके लिए जो मानक निर्धारित किए गए हैं, उनका अनुपालन भी नहीं किया जा रहा है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पीने के पानी की भारी किल्लत को ध्यान में रखते हुए, वहां पर केन्द्रीय धनराशि से उत्तम गुणवत्ता के इण्डिया मार्का हैंड पम्प लगवाये जाने हेतु कारगर कदम उठाये।